एसबीआई लाइफ – ग्रामीण बीमा क्यों?

जब आप हर पल सुरक्षित महसूस करते हैं तब जीवन अधिक आनंददायक बन जाता है. अब, आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप और आपका परिवार दोनों हर चरण में आर्थिक रूप से सुरक्षित रहें, एसबीआई लाइफ – ग्रामीण बीमा के साथ जो एक बार भुगतान पर लाइफ कवर प्रदान करता है. एसबीआई लाइफ – ग्रामीण बीमा एक इंडिविजुअल, नॉन–लिंक्ड, नॉन–पार्टिसिपेटिंग, माइक्रोइंश्योरेंस लाइफ इंश्योरेंस प्योर रिस्क प्रीमियम उत्पाद है.

मुख्य विशेषताएँ

- **किफायती मूल्य पर मिले सुरक्षा :** आप जो अदा कर सकें ऐसा किफायती प्रीमियम चुनें; इसी प्रकार से आपके लाइफ इंश्योरेंस कवर का निर्णय प्रीमियम के आधार पर किया जाएगा.
- **तुरंत प्रक्रिया :** किसी मेडिकल जाँच की ज़रूरत नहीं.
- **आसान नामांकन :** सरलीकृत प्रश्नावली पर आधारित नामांकन.
- **एकल प्रीमियम :** सिर्फ एक बार भुगतान करने की सुविधा.

उदाहरण

आयु (वर्षों में)	प्रीमियम (₹ में) (लागू करों सहित)	पॉलिसी अवधि (वर्षों में)	मूल आश्वासित राशि (₹ में)
30 वर्ष	₹800	5 वर्ष	₹48,000



पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित जीवन की मृत्यु के दुर्भाग्यपूर्ण मामले में, नामिती या विधिक वारिस को एकमुश्त रूप में आश्वासित राशि मिलेगी, जहाँ मृत्यु पर आश्वासित राशि मूल आश्वासित राशि से उच्चतर होगी या एकल प्रीमियम का 1.25 गुना होगी.

इस मामले में, नामिती या विधिक वारिस को ₹48,000 का मृत्यु लाभ अदा किया जाएगा, जैसी स्थिति हो.

प्लान एक नज़र में

प्रवेश पर आयु^	**न्यूनतम :** 18 वर्ष	**अधिकतम :** 50 वर्ष
पॉलिसी अवधि	5 वर्ष	
प्रीमियम भुगतान अवधि	पॉलिसी के आरंभ में एक बार भुगतान	
एकल प्रीमियम राशियाँ	**न्यूनतम :** ₹300 **अधिकतम :** ₹2,000 प्रीमियम की राशियाँ ₹ 100 के गुणकों में होंगी	
प्रीमियम की बारंबारता	एकल प्रीमियम	
मूल आश्वासित राशि	**न्यूनतम :** ₹10,000 आश्वासित राशि नीचे दिए अनुसार होगी :	**अधिकतम :** ₹50,000*
	आयु समूह	**मूल आश्वासित राशि अदा किए गए एकल प्रीमियम के गुणकों के रूप में**
	18 – 39	60 गुना
	40 – 44	40 गुना
	45 – 50	25 गुना
समर्पण	कवर के पहले वर्ष के बाद और कवर के अंतिम वर्ष से पहले समर्पण की अनुमति है. समर्पण मूल्य नीचे दिए अनुसार देय है : अदा किया गया एकल प्रीमियम * 50% * खत्म न हुई पॉलिसी अवधि/कुल अवधि *जहाँ पर अवधि को पूर्ण महीनों में मापा जाता है*	

^आयु के सभी संदर्भ पिछले जन्मदिन की आयु के अनुसार हैं.
*इस प्लान के अंतर्गत कुल मूल आश्वासित राशि को हर जीवन के लिए ₹50,000 तक सीमित रखा जाएगा.

रियायतों की निषिद्धता

समय समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम 1938 की धारा 41 के अनुसार :

क) कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी व्यक्ति को, जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा करवाने या इसका नवीनीकरण करवाने या बीमा पॉलिसी जारी रखने के लिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो कोई प्रलोभन दे सकता है, न ही देय कमीशन से सम्पूर्ण या आंशिक रूप में कोई छूट दे सकता है, न ही पॉलिसी में दर्शाए गए प्रीमियम पर किसी तरह की छूट दे सकता है, न ही बीमा पॉलिसी लेने वाला या इसका नवीनीकरण करवाने या इसे जारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसी तरह की छूट स्वीकार कर सकता है, बशर्ते प्रकाशित विवरण पुस्तिका या बीमाकर्ता की तालिका के अनुसार इस तरह की छूट की अनुमति दी गई हो.

ख) किसी भी व्यक्ति द्वारा इस धारा के प्रावधानों का अनुपालन करने में चूक करने पर वह जुर्माने का पात्र होगा जो दस लाख रूपए तक हो सकता है.

एसबीआई लाइफ – ग्रामीण बीमा एक इंडिविजुअल, नॉन–लिंक्ड, नॉन–पार्टिसिपेटिंग, माइक्रोइंश्योरेंस लाइफ इंश्योरेंस प्योर रिस्क प्रीमियम उत्पाद है.

फ़र्ज़ी फोन कॉल्स और जाली/धोखाधड़ी के ऑफ़र्स से सावधान :
IRDAI इंश्योरेंस पॉलिसी बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम के निवेश जैसी किसी भी प्रकार की गतिविधियों में शामिल नहीं है. इस प्रकार के फोन कॉल्स प्राप्त करने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज़ करें.

जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक विवरण के लिए कृपया बिक्री पूर्ण करने से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यान से पढ़ें. ऊपर प्रदर्शित ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है और लाइसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : नटराज, एम. वी. रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400 069. **IRDAI पंजीकरण संख्या 111 ।**
CIN : L99999MH2000PLC129113. NW/1F/ver1/02/22/SP/HIN